# JALAUN POLICE

## दिनांक- 11.07.2026

**थाना एट पुलिस एवं स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा लूट की घटना का सफल अनावरण करते हुये 03 अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी।**

अवगत कराना है कि दिनांक 10.07.2026 को थाना एट में श्री लक्ष्मी नारायण द्वारा तहरीरी सूचना दी गयी कि दिनांक 07.07.2026 की रात्रि मे चार पहिया वाहन मे सवार 3-4 अज्ञात व्यक्ति द्वारा वादी की मोटर साइकिल के आगे अपनी कार लगाकर वादी के साथ गाली गलौज कर मारपीट करते हुये वादी का मोबाइल, मोटर साइकिल व 8000/- रुपये नगद लूट लिये है। जिसके संबन्ध में थाना एट में मु0अ0सं0 93/2026 धारा 309(4)/352 बीएनएस पंजीकृत हुआ था।

अपर पुलिस महानिदेशक महोदया, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक महोदय, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल पर्यवेक्षण व अपर पुलिस अधीक्षक जालौन के नेतृत्व में दिनांक 11.07.2026 को थाना एट पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान 03 अभियुक्तगण को घटना से सम्बन्धित मोटर साइकिल व 4500/- रुपये व घटना में प्रयुक्त 01 बलेनो कार व 01 अदद तमन्चा मय 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया।

बरामदगी के आधार पर अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी।

### अभियुक्तगण का विवरण-

1. विवेक पुत्र बाल किशन अहिरवार उम्र करीब 20 वर्ष नि0 ग्राम रतोसा थाना उलदन जनपद झांसी।
2. विनय कुमार पुत्र मुकेश कुमार उम्र करीब 22 वर्ष नि0 ग्राम सिजवां थाना टोढीफतेहपुर जनपद झाँसी।
3. साकिर पुत्र हजरत उम्र करीब 20 वर्ष नि0 ग्राम हाटी थाना उलदन जनपद झाँसी।

### अभियुक्त विवेक उपरोक्त का अपराधिक इतिहास विवरण :-

1. मु0अ0सं0 194/2024 धारा 115(2)/352/351(3) बी0एन0एस0 थाना उल्दन जनपद झांसी

### बरामदगी का विवरण-

1. एक अदद मोटर साइकिल
2. 4500/- रुपये नगद
3. एक अदद तमन्चा व 02 अदद कारतूस 315 बोर
4. 01 अदद बलेनो कार घटना में प्रयुक्त

### गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरण-

1. थानाध्यक्ष एट मय पुलिस टीम।

### सहयोगी टीम-

1. प्रभारी स्वाट/सर्विलांस मय टीम।